# ग्राम पंचायत टंग नरवाणा, विकास खण्ड धर्मशाला, जिला काँगड़ा, हि• प्र• –176052 के अवधि 01/04/2024 से 31/03/2025 के लेखों का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

## भाग–एक

**1. प्रस्तावना**

**(क)** ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के फलस्वरूप हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 118 में संशोधन होने व संयुक्त निदेशक एवं उप सचिव पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या PCH-HC-(5)C(15)LAD/2006-12669 दिनांक 07.04.2016 द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के अंकेक्षण का दायित्व निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग को सौंपे जाने के दृष्टिगत, ग्राम पंचायत टंग नरवाणा, विकास खण्ड धर्मशाला, जिला काँगड़ा हि0 प्र0 के अवधि 01/04/2024 से 31/03/2025 के लेखों का अंकेक्षण हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग द्वारा किया गया।

**अंकेक्षण अवधि के दौरान ग्राम पंचायत में निम्नलिखित प्रधान, सचिव, तकनीकी सहायक व ग्राम रोजगार सेवक कार्यरत रहे :–**

प्रधानः–

| क्र•सं• | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री संतोष कुमार | 01.04.2024 से 31.03.2025 |

सचिव :–

| क्र•सं• | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री संजीवन कुमार | 01.04.2024 से 31.03.2025 |

तकनीकी सहायक :–

| क्र•सं• | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री रोहित कुमार | 01.04.2024 से 31.03.2025 |

ग्राम रोजगार सहायक :–

| क्र•सं• | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री विशाल कुमार | 01.04.2024 से 31.03.2025 |

### (ख) गम्भीर अनियमितताओं का सारः—

ग्राम पंचायत टंग नरवाणा के अवधि 01/04/2024 से 31/03/2025 के लेखों के अंकेक्षण एवं निरीक्षण के दौरान पाई गई गम्भीर अनियमितताओं का सार निम्न प्रकार से हैः—

| क्र0 सं0 | पैरा सं॰ | अनियमितता का संक्षिप्त सार | राशि (₹ लाखों में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 4(ग) | रोकड़ बही एवं बैंक के अन्त शेषो में अन्तर पाया जाना | 1.39 |
| 2 | 6 | अनुदान राशि का उपयोग हेतु शेष पाया जाना | 16.39 |
| 3 | 7.1 | सम्पत्तिकर/गृहकर का वसूली हेतु शेष पाया जाना | 0.13 |
| 4 | 7.2 | दुकानों के किराये की बकाया राशि का वसूली हेतु शेष पाया जाना | 0.79 |
| 5 | 7.4 | स्वच्छता शुल्क वसूली हेतु शेष पाया जाना | 0.25 |
| 6 | 8 | विवाह पंजीकरण के रूप में प्राप्त की गई राशि को सरकारी कोष में जमा न करवाना | 0.02 |
| 7 | 9.1 | औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही स्टॉक का क्रय करना | 1.33 |
| 8 | 9.2 | क्रय प्रत्येक सामान का स्टॉक/स्टोर रजिस्टरों में लेखांकन न करना | 0.12 |
| 9 | 9.3 | खनन सामग्री बिलो के साथ वैध ट्रांजिट पास फॉर्म "X" या "W" की प्राप्ति सुनिश्चित न करने के कारण अनियमित भुगतान | 0.53 |
| 10 | 10 | निर्माण कार्यो के सन्दर्भ में अभिलेख अंकेक्षणार्थ प्रस्तुत न करना | 2.39 |
| 11 | 16.1, 16.2 व 16.4 | अंकेक्षणापत्ति उपरान्त वसूली गई राशि | 0.12 |

### (ग) गत अंकेक्षण प्रतिवेदनः—

गत अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदनों के अनिर्णीत पैरों पर कार्यवाही करने हेतु अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा/अ.वृ.का./2025/204 दिनांक—29.03.2025 द्वारा केवल अवधि 01/04/2021 से 31/03/2023 के अनिर्णीत पैरों पर ही कार्यवाही करते हुये केवल 8 पैरों की अनुपालना का सत्यापन करवाया गया तथा शेष बचे 27 पैरों के निस्तारण हेतु किसी

प्रकार का प्रयास नहीं किया गया है। यह अति गम्भीर चूक है, जोकि संस्था की अंकेक्षण के प्रति उदासीनता को परिलक्षित करती है। अतः प्राथमिकता के आधार पर गत अंकेक्षण प्रतिवेदनों के शेष 27 पैरों के साथ–साथ वर्तमान अंकेक्षण में प्रारूपित अंकेक्षण आपतियों पर भी अनुपालना सुनिश्चित करके अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए। गत अंकेक्षण प्रतिवेदन के शेष पैरो पर की गई कार्रवाई का अवलोकन करने के उपरान्त पैरो की नवीनतम स्थिति निम्नलिखित हैः–

**(1) अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन अवधि 01/04/2013 से 31/03/2016 तक**

| क्र0 सं0 | पैरा सं. | निर्णीत/ अनिर्णीत | अनुपालना का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | 05 | अनिर्णीत | – |
| 2. | 5.1 | अनिर्णीत | – |
| 3. | 5.3 | अनिर्णीत | – |
| 4. | 6(ग) | अंशतः अनिर्णीत | (₹7500 टॉवर शुल्क की वसूली उपरान्त) |
| 5. | 7 | अनिर्णीत | – |
| 6. | 9 | अनिर्णीत | – |
| 7. | 10 | अनिर्णीत | – |
| 8. | 11 | अनिर्णीत | – |
| 9. | 12 | अनिर्णीत | – |
| 10. | 13 | अनिर्णीत | – |
| 11. | 14 | अनिर्णीत | – |

**(2) अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन अवधि 01/04/2021 से 31/03/2023 तक**

| क्र0 सं0 | पैरा सं0 | निर्णीत/ अनिर्णीत | अनुपालना का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | 3 | अनिर्णीत | – |
| 2. | 4 क,ख | स्वतःनिर्णीत | वित्तीय स्थिति |
| 3. | 4.1,4.2 | अनिर्णीत | – |
| 4. | 4.3,4.4 | अनिर्णीत | – |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 5. | 5 | निर्णीत | नवीनतम स्थिति वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन में पुनःप्रारूपित |
| 6 | 6(क)(ख)(ग) | अनिर्णीत | — |
| 7 | 6.1 | निर्णीत | नवीनतम स्थिति वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन में पुनःप्रारूपित |
| 8 | 6.2 | निर्णीत | नवीनतम स्थिति वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन में पुनःप्रारूपित |
| 9 | 6.3 | अनिर्णीत | — |
| 10 | 6.4 | अनिर्णीत | — |
| 11 | 7 | अनिर्णीत | — |
| 12 | 8 | अनिर्णीत | — |
| 13 | 9 | अशतः निर्णीत | क्रम संख्या 1,2,3,5,6 व 7 की राशि ₹10694 की वसूली करने उपरांत दिनांक 09.07.2024 को तथा क्रम संख्या 8 की राशि ₹1213 की वसूली करने उपरांत दिनांक 20.03.2024 को खाता संख्या 50074366977 में जमा करवा दी गई है, जिसकी अंकेक्षण पुष्टि कर ली गई है। |
| 14 | 10 | निर्णीत | राशि ₹1000 की वसूली करने उपरांत दिनांक 09.07.2024 को खाता संख्या 50074366977 में जमा करवा दी गई है, जिसकी अंकेक्षण पुष्टि कर ली गई है। |
| 15 | 10.1 | अनिर्णीत | — |
| 16 | 11 | अनिर्णीत | — |
| 17 | 12 | अनिर्णीत | — |
| 18 | 13 | अनिर्णीत | — |
| 19 | 14 | अनिर्णीत | — |
| 20 | 15 | निर्णीत | नवीनतम स्थिति वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन में पुनःप्रारूपित |
| 21 | 16 | निर्णीत | नवीनतम स्थिति वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन में पुनःप्रारूपित |

## भाग–दो

## 2. वर्तमान अंकेक्षणः–

ग्राम पंचायत टंग नरवाणा के अवधि 01/04/2024 से 31/03/2025 के लेखों का वर्तमान अंकेक्षण श्री प्रवीन कुमार, कनिष्ठ लेखा परीक्षक द्वारा दिनांक 09.04.2025 से 21.04.2025 तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में प्रस्तुत की गई स्कीमवाईज ऑनलाईन रोकड़ बहियों के आधार

पर किया गया। आय व्यय की विस्तृत जाँच हेतु मास चयन निम्न तालिका के अनुसार स्वः स्त्रोतों की आय तथा पंचायत के कुल व्यय के आधार पर किया गया:—

| वर्ष | आय | व्यय |
|---|---|---|
| 2023—25 | 03/2025 | 09/2024 |

**अस्वीकरण (Disclaimer) :—वर्तमान अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण पंचायत के नियन्त्रक अधिकारी द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अभिलेख के आधार पर किया गया है। पंचायत द्वारा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई किसी भी सूचना/अभिलेख के अपूर्ण/गलत व उपलब्ध न होने की स्थिति में अंकेक्षण प्रतिवेदन पर होने वाले किसी भी प्रभाव हेतु हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।**

**3. अंकेक्षण शुल्कः—**

ग्राम पंचायत के अवधि 01/04/2024 से 31/03/2025 के लेखों का अंकेक्षण शुल्क ₹4000/— आंका गया है। अंकेक्षण शुल्क की इस राशि को रेखांकित बैंक ड्राफ्ट/मल्टीसिटी चैक के माध्यम से निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग, शिमला—171009 को शीघ्रातिशीघ्र प्रेषित करने हेतु अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा/अ.वृ.का./2025/254 दिनांक—21.04.2025 द्वारा पंचायत सचिव से अनुरोध किया गया।

## 4.1 (क).वित्तीय स्थितिः—

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः— राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ.वृ.का. /2025/229 दिनांकः—09.04.2025 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत अभिलेख के अनुसार ग्राम पंचायत के अवधि 01.04.2024 से 31.03.2025 के लेखों की वित्तीय स्थिति का संक्षिप्त विवरण निम्न प्रकार से है, जिसका विस्तृत विवरण संलग्न **परिशिष्ट—1** में दिया गया हैः—

1.स्वः—स्त्रोतः—

| अवधि | अथशेष (₹) | प्राप्ति (₹) | योग (कॉलम 2+3) (₹) | व्यय (₹) | अन्तशेष (कॉलम 4—5) (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2024-25 | 953326.71 | 234499 | 1187825.71 | 241460.00 | 946365.71 |

2.अनुदानः—

| अवधि | अथशेष (₹) | प्राप्ति (₹) | योग (कॉलम 2+3) (₹) | व्यय (₹) | अन्तशेष (कॉलम 4—5) (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2024-25 | 1617055.89 | 5766805.67 | 7383861.56 | 5744766.96 | 1639094.60 |

**कुल योग** (1+2) 946365.71+1639094.60=**2585460.31**

## (ख).बैंक समाधान विवरणीः—

दिनांक 31.03.2025 को ग्राम पंचायत की ऑनलाईन रोकड़ बहियों/वित्तीय स्थिति अनुसार अन्तशेष ₹25,85,460.31 तथा बैंक खातों/हस्तगत राशि "**परिशिष्ट—3**" के अनुसार अन्तशेष ₹24,46,226.72 से सम्बन्धित बैंक समाधान विवरणी निम्नानुसार हैः—

| | **बैंक खातों की विवरणीः—** | | | |
|---|---|---|---|---|
| **क्र0सं0** | **विवरण** | **बैंक** | **खाता** | **अन्त शेष (₹)** |
| 1 | स्वःस्त्रोत | का•के•सह•टंग नरवाणा | 50074366977 | 945494.71 |
| 2 | 5वां वित | का•के•सह•टंग नरवाणा | 20002115524 | 111367 |
| 3 | वी.के.वी.एन.वाई | का•के•सह•टंग नरवाणा | 50074366988 | 716273 |
| 4 | एस.डी.पी | का•के•सह•टंग नरवाणा | 50074366955 | 167529 |
| 5 | एम.पी.लेड | का•के•सह•टंग नरवाणा | 50074366795 | 23612 |
| 6 | एम.एम.जी.पी.वाई | का•के•सह•टंग नरवाणा | 50074366933 | 12444 |
| 7 | एस.बी.एम.गारबेज | का•के•सह•टंग नरवाणा | 50075227581 | 54863 |
| 8 | 15वाँवित्त/पी. एस/ जेड.पी | पी•एन•बैंक योल | 6710000100065433 | 397189.01 |
| 9 | एल.ए.डी.ए | पी•एन•बैंक योल | 6710000100021712 | 0 |
| 10 | आर.जी.एस.ए | इंडसएन बैंक धर्मशाला | 100203852281 | 16584 |
| 11 | हस्तगत शेष दिनांक 31.03.2025 को सभा निधि की ऑनलाईन रोकड बही के अनुसार | | | 871 |
| बैंक खातों व हस्तगत शेष का दिनांक 31.03.2025 को कुल योगः— | | | | ₹2446226.72 |

| दिनांक 31.03.2025 को बैंक समाधान विवरणी :— | |
|---|---|
| रोकड़ बही के आधार पर तैयार वित्तीय स्थिति (पैरा 4) के अनुसार अन्तशेषः— | ₹2585460.31 |
| पंचायत के बैंक खातों का दिनांक 31.03.2025 का अन्तशेषः— | ₹2446226.72 |
| अन्तरः— | 139233.59 |

**नोटः— अंतर का कारण पंचायत द्वारा बैंक समाधान विवरणी तैयार न करना।**

**4(ग) रोकड़ बही एवं बैंक खातो के शेषों का नियमानुसार मिलान न करने के कारण अंकेक्षण में राशि ₹1.39 लाख का बहुत ज्यादा अन्तर पाया जाना :—**

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि, ग्राम पंचायत टंग नरवाणा द्वारा हि॰ प्र॰ पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 7(3) व 10(1) की अनुपालना में बैंक समाधान विवरणी तैयार नहीं की गई थी, जिस कारण वर्तमान अंकेक्षण अवधि के अन्त में दिनांक 31.03.2025 को ऑनलाईन रोकड़ बहियों तथा बैंक खातों के अन्तशेष में राशि ₹1,39,233.59/- का अन्तर रोकड़ बही में अधिक शेष के रूप में था। जिसका विस्तृत ब्यौरा पैरा—4 में दिया गया है।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/231 दिनांकः—10.04.2025 द्वारा सूचित किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः— टंग नरवाणा 02/2025—26 दिनांकः—21.04.2025 द्वारा अवगत करवाया गया कि बैंक समाधान विवरणी तैयार करके अन्तर का मिलान कर दिया जायेगा व अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जायेगा। प्रस्तुत उतर नियमानुसार, गत अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन में दर्ज अंकेक्षणापत्ति की अनुपालना में सुधारात्मक कार्यवाही न होने एवं तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं है।

अतः अन्तर के कारणों बारे तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए तदानुसार कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए अन्यथा अंतर की राशि की उचित स्त्रोत से वसूली करना सुनिश्चित की जाये तथा भविष्य में नियमानुसार प्रत्येक माह बैंक समाधान विवरणी तैयार करना सुनिश्चित किया जाये तथा कृत सुधारात्मक अनुपालना से लेखा परीक्षा विभाग को अवगत करवाया जाए।

**5 निवेश न करने बारेः—**

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भते) नियम 2002 के नियम 11 के अनुसार प्रत्येक पंचायत द्वारा उपलब्ध अतिरिक्त निधियों को पंचायत द्वारा पारित प्रस्ताव उपरान्त

राष्ट्रीकृत बैंक, सहकारी बैंक अथवा सरकारी प्रतिभूतियों में इस प्रकार से निवेशित किया जाना अपेक्षित है कि इन पर अधिकतम ब्याज अर्जित किया जा सके।

ग्राम पंचायत द्वारा इस नियम की अनुपालना में वर्तमान अंकेक्षण अवधि के दौरान कोई निवेश नहीं किया गया था, जबकि वर्तमान वित्तीय स्थिति के अवलोकन से यह स्पष्ट है कि पंचायत के मुख्य निधि खाते में अंकेक्षणावधि के दौरान ₹9,52,381.71 से ₹9,45,494.71 तक की राशि शेष थी। इस चूक के कारण संसाधनो की कमी से जूझ रही पंचायत को अतिरिक्त ब्याज के रूप में होने वाले लाभ से वंचित होना पडा है।

इस बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना सख्यां राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/253 दिनांकः 21.04.2025 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या– टंग नरवाणा 02/2025–26 दिनांक 21.04.2025 द्वारा भविष्य में अनुपालना का आश्वासन दिया है।

अतः इस बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए नियमानुसार सुधारात्मक कार्यवाही करना सुनिश्चित करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए तथा निवेश की स्थिति में हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भते) नियम 2002 के नियम 12 (1) के अंतर्गत उल्लेखित प्रारूप–1 के अनुसार निवेश रजिस्टर का संधारण किया जाना भी सुनिश्चित किया जाये।

## 6 अनुदान की राशि ₹16.39 लाख का उपयोग हेतु शेष पाया जानाः—

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 9 के अनुसार प्राप्त अनुदान राशियों को फंडिग एजेन्सी की अपेक्षाओं एवं मार्गदर्शन अनुसार निर्धारित उद्देश्य हेतु व्यय किया जाना अपेक्षित है।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना संख्याः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2029/229 दिनांकः–09.04.2025 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत सूचना जो कि **परिशिष्ट–1 व परिशिष्ट–2** पर संलग्न है, के अनुसार दिनांक 31–03–2025 तक अनुदान में प्राप्त राशियों में से ₹16,39,094.60/– की राशि उपयोग हेतु शेष थीः–

| क्र0सं0 | अनुदान का नाम | दिनांक | राशि (₹) |
|---|---|---|---|
| 1 | 5वाँ वित्त | 31.03.2025 | 111367 |
| 2 | वी.के.वी.वाई.एन | 31.03.2025 | 716273 |
| 3 | एम.एम..जी.पी.वाई | 31.03.2025 | 12444 |
| 4 | आर.जी.एस.ए | 31.03.2025 | 16584 |
| 5 | एस.बी.एम गारवेज | 31.03.2025 | 54863 |
| 6 | एम.पी.लेड | 31.03.2025 | 23612 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 7 | एस.डी.पी | 31.03.2025 | 167529 |
| 8 | 13वॉं वित्त | 31.03.2025 | 139233.59 |
| 9 | 15वॉं वित्त / पी.एस / जेड.पी | 31.03.2025 | 397189.01 |
| | | **कुल जोड़** | **1639094.60** |

उपरोक्त तथ्य स्पष्ट करते हैं कि उक्त शीर्षो के अन्तर्गत करवाये जा रहे विकास कार्यो का निष्पादन अपेक्षित स्थिति में नहीं है तथा निर्धारित विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने में यह पंचायत पीछे है।

इस शेष राशि के उपयोग / व्यय न करने बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग / अ0वृ0कां / 2025 / 233 दिनांक–11.04.2025 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या–टंग नरवाणा 02 / 2025–2026 दिनांकः–21.04.2025 द्वारा स्पष्ट किया गया कि शेष अनुदान राशि को आगामी समय में व्यय करने उपरांत अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जायेगा।

अतः शेष अनुदान राशि को अंकेक्षण अवधि के दौरान व्यय न करने के उचित कारणों को स्पष्ट करते हुए उक्त राशि को नियमानुसार निर्धारित उद्देश्य हेतु व्यय करना सुनिश्चित किया जाए तथा तदानुसार कृत अनुपालना से इस विभाग को शीघ्र अवगत करवाया जाये।

**पंचायत राजस्व से प्राप्त आयः–**

**7.1 सम्पति कर / गृहकर की ₹0.13 लाख की राशि का वसूली हेतु शेष पाया जानाः–**

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 34 (2) के अनुसार पंचायत को देय कोई भी राशि बिना पर्याप्त कारणों के परादेय / अदत (Outstanding) नहीं रखी जाएगी।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग / अ0वृ0कां0 / 2025 / 229 दिनांकः–09.04.2025 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत **परिशिष्ट "4"** पर संलग्न सूचना के अनुसार सम्पत्तिकर / गृहकर के रूप में ₹12720 / – की राशि दिनांक 31.03.2025 को वसूली हेतु शेष थी। सम्पतिकर / गृहकर की राशि का बिना पर्याप्त कारणों के वसूली हेतु शेष पाया जाना यह स्पष्ट करता है कि पंचायत अपने राजस्व की नियमित उगाही के प्रति गम्भीर नहीं है। परिणामस्वरूप सम्पत्ति कर / गृहकर की वसूली न करने से उस पर अर्जित ब्याज से होने वाले लाभ से भी पंचायत को वंचित होना पड़ा।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2025/234 दिनांकः–11.04.2025 द्वारा सूचित किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–टंग नरवाणा 02/2025–26 दिनांकः–21.04.2025 द्वारा स्पष्ट किया गया कि सम्पति कर/गृहकर की बकाया राशि की वसूली करने उपरान्त सभा निधि में जमा करवा दिया जाएगा व अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा। प्रस्तुत प्रत्युतर नियमानुसार न होने व तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः पंचायत राजस्व की बकाया राशि की वसूली न करने के कारणों की नियमानुसार तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए बकाया राशि की अविलम्ब वसूली करना सुनिश्चित करें तथा भविष्य में भी इसकी वसूली प्राथमिकता के आधार पर प्रतिवर्ष की जानी सुनिश्चित की जाए व कृत सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

## दुकानों के किराये से आयः–

## 7.2 दुकानों के किराये की बकाया ₹0.79 लाख का वसूली हेतु शेष होनाः–

हि•प्र• पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भते) नियम 2002 के नियम 33 के अनुसार पंचायत को देय व प्राप्त राजस्व का ब्यौरा पंचायत के निधि लेखों मे शुद्ध तथा तत्परता व नियमित रूप से निर्धारित वसूली करना तथा जमा किये/निकाले गए और अपने अधीन सभी स्त्रोतो जहां से राजस्व उत्पन्न होता है, का लेखा जोखा प्रारूप 10 में मांग व संग्रहण रजिस्टर में तैयार किया जाएगा व हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 34 (2) के अनुसार पंचायत को देय कोई भी राशि बिना पर्याप्त कारणों के परादेय/अदत (Outstanding) नहीं रखी जाएगी।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा/अ0वृ0कां /2025/232 दिनांकः–10.04.2025 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत **परिशिष्ट "5"** पर उपलब्ध करवाई गई सूचना के अनुसार दिनांक 31.03.2025 तक दुकानों के किराये की राशि ₹78925/– की राशि वसूली हेतु शेष थी। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत द्वारा दुकान किराया मांग व प्राप्ति रजिस्टर का न तो वार्षिक आधार पर और न ही माहवार अनुरक्षण किया गया था। जिसके अभाव में दिनांक 31.03.2025 को दुकान किराया वसूली हेतु शेष की सत्यता की अंकेक्षण में पुष्टि नहीं की जा सकी। ग्राम पंचायत द्वारा इस किराये की वसूली हेतु कोई ठोस कार्रवाई भी अमल में नहीं लाई गई थी, जिससे स्पष्ट है कि पंचायत अपने राजस्व की नियमित वसूली हेतु गम्भीर नहीं है। यदि पंचायत राजस्व बकाया इसी तरह बढ़ता रहा तो एक समय पर इसे वसूल कर पाना असम्भव हो सकता है।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2025/236 दिनांकः—11.04.2025 द्वारा सूचित किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः—टंग नरवाणा 02/2025—26 दिनांकः—21.04.2025 द्वारा स्पष्ट किया गया कि इस राशि की वसूली कर ली जाएगी तथा उक्त से संबंधित मांग व सग्रहण रजिस्टर को तैयार करके अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा। प्रस्तुत प्रत्युतर उपरोक्त नियमो के प्रतिकूल व तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः पंचायत राजस्व की बकाया राशि की वसूली न करने के कारणों की उपरोक्त नियमानुसार तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए बकाया राशि की अविलम्ब वसूली करना सुनिश्चित करें तथा भविष्य में भी इसकी वसूली प्रतिमास के आधार पर की जानी सुनिश्चित की जाए व प्ररूप 8 के अनुसार प्राप्ति व बकाया ब्यौरा तैयार करना सुनिश्चित करके कृत सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

इसके अतिरिक्त बढ़ते बकाया पंचायत राजस्व का मामला पंचायती राज विभाग के उच्चाधिकारियों के ध्यानार्थ आवश्यक जॉंच उपरान्त यथास्थिति नियमानुसार कृत कार्यवाही से अंकेक्षण विभाग को अवगत करवाने हेतु विशेष रूप से लाया जाता है।

## 7.3 दुकानों के किराया वसूली करने हेतु उचित प्रक्रिया पालन किये बिना पंचायत परिसर को किराये पर देने से संभावित राजस्व हानि बारेः—

निदेशक एवं विशेष सचिव पचायती राज विभाग के कार्यालय आदेश संख्या पीसीएच—एचसी (7)10/80 दिनांक 17.09.2008 के अनुसार ग्राम पंचायत के व्यावसायिक परिसरो को किराये पर देने के लिये निम्न कमेटी गठित की जाएगीः—

1.उपमण्डलाधिकारी/तहसीलदार (अध्यक्ष)

2.खण्ड विकास अधिकारी (सदस्य)

3.प्रधान संबंधित ग्राम पंचायत (सदस्य)

4.पंचायत निरीक्षक (सदस्य)

5.पंचायत सचिव/पंचायत सहायक (सदस्य—सचिव)

इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत संबंधित किरायेदार के साथ अनुबंध करेगी जिसमें ग्राम पंचायत निम्न शर्ते निर्धारित करेगीः—

1.संबंधित व्यावसायिक परिसरों/भवनो का किराया लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्धारित दरो से कम न हों।

2.किराये में वृद्धि का प्रावधान किराया नियन्त्रण अधिनियम के अनुरूप हों।

3.यदि किरायेदार किराया नहीं देता है या परिसर को नुकसान पहुचाता है तो परिसर को 30 दिन की अवधि के अंदर खाली करने का प्रावधान रखा जाए।

4.किरायेदार को परिसर को आगे किसी व्यक्ति को किराये पर देने का अधिकार न हो और न ही उसे उसके उपयोग को परिवर्तित करेगा।

5.किरायेदार परिसर में किसी प्रकार निर्माण/परिवर्तन/अतिक्रमण नहीं करेगा।

6.संबंधित व्यावसायिक परिसरों/भवनो को किराये पर देने से पूर्व में पंचायत क्षेत्र में व्यापक प्रचार किया जाएगा तथा व्यावसायिक परिसरों/भवनो को किराये पर खुली बोली से दिया जाएगा।

7.व्यावसायिक परिसरों/भवनो के पानी/बिजली के बिलो की अदायगी किरायेदार द्वारा की जाएगी

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि पंचायत द्वारा पंचायतों के व्यावसायिक परिसरों/भवनों को किराये पर देने सम्बन्धी जारी उक्त दिशा–निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित नहीं की गई थी।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा/अ0वृ0कां /2025/236 दिनांकः–11.04.2025 के प्रत्युत्तर में, पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र क्रमाँकः– टंग नरवाणा 02/2025–2026 दिनाँक 21.04.2025 द्वारा अंकेक्षण के दौरान सूचित किया कि पंचायत द्वारा संचालित 14 दुकानों को अंकेक्षण अवधि के दौरान किराये पर देते समय किरायेदारों के साथ अनुबन्ध हस्ताक्षरित नहीं किया गया था तथा न ही समिति का निर्माण किया गया। यह एक बहुत ही गम्भीर अनियमितता है तथा इसके अभाव में यदि भविष्य में पंचायत को कोई वित्तीय हानि होती है तो यह चूककर्ताओं का व्यक्तिगत दायित्व होगा।

इन अनियमितताओं बारे अंकेक्षण अधियाचना संख्याः राज्य लेखा परीक्षा/अ0वृ0कां /2025/252 दिनांकः–21.04.2025 द्वारा वस्तुस्थिति स्पष्ट करने को कहा गया था जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र क्रमाँकः– टंग नरवाणा 02/2025–2026 दिनाँक 21.04.2025 द्वारा स्पष्ट किया कि इस संबंध में भविष्य में नियमानुसार कार्यवाही करके अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा। प्रस्तुत स्पष्टीकरण सन्तोषजनक नहीं पाया गया।

अतः सुझाव दिया जाता है पंचायत हितों को सुरक्षित करने के लिये समय–समय पर जारी आदेशो–निर्देशों अनुसार अपेक्षित कदम यथाशीघ्र उठाया जाना सुनिश्चित करके किरायेदारों के साथ नियमानुसार अनुबन्ध हस्ताक्षरित किया जाये ताकि भविष्य में किराया वसूली में दिक्कत न आये व कृत अपेक्षित सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण विभाग को अवगत करवाया जाये।

## 7.4 स्वच्छता शुल्क की ₹0.25 लाख की राशि का वसूली हेतु शेष पाया जाना व संबंधित अभिलेखों का अनुरक्षण न करनाः–

हि•प्र• पँचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 100 के उपनियम (3)(ii) के अनुसार पंचायत की गलियों की सफाई, गलियों में प्रकाश व्यवस्था, साफ–सफाई, **स्वच्छता ठोस और तरल**

**अपशिष्ट प्रबंधन**, वाहनों की पार्किंग के लिये प्रस्ताव के तहत सभा क्षेत्र में सेवा शुल्क उदगृहित करने का अधिकार है।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2025/229 दिनांकः–09.04.2025 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत **परिशिष्ट "9"** पर संलग्न सूचना के अनुसार स्वच्छता शुल्क के रूप में ₹25250/– की राशि दिनांक 31.03.2025 को वसूली हेतु शेष थी। ग्राम पंचायत द्वारा प्रस्ताव संख्या 04 दिनांक 13.07.2022 के तहत निर्णय लिया गया था कि,स्वच्छता समीति वेस्ट वॉरियर्स एन.जी.ओं के माध्यम से प्रत्येक यूनिट(घर,होटल,ढाबा,दुकानो)से ₹50 प्रति मास स्वच्छता शुल्क की वसूली की जाएगी,जबकि अंकेक्षण अवधि के दौरान ग्राम पंचायत द्वारा ठेकेदारो के माध्यम से वसूली करवाई गई। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत द्वारा स्वच्छता शुल्क से संबंधित अभिलेख, यूनिटो की संख्या श्रेणी बार ,मांग व बकाया इत्यादि का ब्यौरा तैयार नहीं किया गया था, जिसके अभाव में **परिशिष्ट "9"** पर दर्शाए गए दिनांक 31.03.2025 को वसूली हेतु शेष राशि, अथशेष, यूनिटों की संख्या, अंकेक्षण अवधि के दौरान सृजित की गई मांग की सत्यता की पुष्टि अंकेक्षण में नहीं की जा सकी।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2025/251 दिनांकः–21.04.2025 द्वारा सूचित किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–टंग नरवाणा 02/2025–26 दिनांकः–21.04.2025 द्वारा आंकडो व तथ्यो की पुष्टि करने उपरांत स्पष्ट किया गया कि ,उक्त स्वच्छता शुल्क की बकाया राशि की वसूली कर ली जाएगी व इसके मांग व संग्रहण से संबंधित तथा अन्य संबंधित अभिलेखों का उक्त अवधि के दौरान अनुसंधारण नहीं किया गया, जिन्हे भी तैयार करने उपरांत अगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत कर दिया जाएगा। प्रस्तुत प्रत्युतर नियमानुसार व तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः उपरोक्त मामले के सम्बन्ध में नियमानुसार तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए बकाया राशि की अविलम्ब वसूली करना सुनिश्चित की जाये तथा संबंधित मांग व प्राप्ति रजिस्टर तैयार करके व समस्त आवश्यक अभिलेखों का रख–रखाव रखना सुनिश्चित करके कृत सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

## 8 विवाह पंजीकरण के रूप में प्राप्त की गई राशि ₹0.02/–लाख को सरकारी कोष में जमा न करवाना व सभा निधि में अनियमित जमा करवाने बारेः–

सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग हिमाचल प्रदेश शिमला की अधिसूचना संख्या–SJE-A-A-(3)-1/2015 दिनांकः–04.10.2016 के अंतर्गत विवाह पंजीकरण शुल्क निर्धारित दर

से प्राप्त करने के उपरान्त विवाह पंजीकरण नियम 2004 के नियम 9 के अनुसार राजकीय कोष में निर्धारित प्राप्ति मुख्य शीर्ष खाता संख्या ''0070–60–108–01'' में जमा करवाया जाना अपेक्षित है।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2025/229 दिनांकः–09.04.2025 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत **परिशिष्ट ''6''** पर संलग्न सूचना अनुसार ग्राम पंचायत टंग नरवाणा द्वारा अंकेक्षण अवधि के दौरान राशि ₹2000/– विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त की गई, परन्तु उसे सरकारी कोष में जमा न करवाकर पंचायत के निधि खाते में जमा करवाया गया था, जिससे कि सरकारी कोष को प्राप्त आय के दुर्विनियोजन की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता।

विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त उक्त राशि को सरकारी कोष जमा न करवाने का प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकःराज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/235 दिनांकः–11.04.2025 के अंतर्गत सचिव ग्राम पंचायत टंग नरवाणा के ध्यानार्थ लाया गया, जिसके प्रतिउत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या– टंग नरवाणा 02/2025–2026 दिनांकः–21.04.2025 द्वारा स्पष्ट किया गया कि विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त की गई राशि को सभा निधि में जमा करवाया गया ,जिसे सरकारी कोष में जमा करवा दिया जाएगा व अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा।

अतः विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त की गई राशि को नियमानुसार सरकारी कोष में जमा न करवाने का पूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए अथवा अंकेक्षण को दिये गये आश्वासनानुसार विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त राशि को शीघ्र अति शीघ्र सरकारी कोष जमा करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए तथा यह भी सुझाव दिया जाता है कि भविष्य में भी विवाह पंजीकरण शुल्क प्राप्ति उपरांत सरकारी कोष में ही जमा करवाया जाये व कृत अपेक्षित अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

## 9.1 निविदा सम्बन्धी औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही ₹1.33 लाख के स्टॉक का क्रय करनाः–

हि•प्र• पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 67(4) व 67(5) के अन्तर्गत पंचायत द्वारा किये जाने वाले व्यय से सम्बन्धित आपूर्ति आदेश, निविदा आदि औपचारिकताएं प्रावधित है।

ग्राम पंचायत टंग नरवाणा के व्यय वाउचरों के नमूना अंकेक्षण में पाया गया कि पंचायत द्वारा संलग्न **परिशिष्ट ''8''** के अनुसार ₹132903/– का व्यय निविदा सम्बन्धी औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही किया गया था, जोकि उक्त नियमों के अनुसार न होने के कारण अनियमित

व आपत्तिजनक है, जिससे स्पष्ट है कि पंचायत द्वारा उक्त व्यय करते समय बाजारीय प्रतिस्पर्धा का लाभ नहीं उठाया गया था।

इस अनियमितत्ता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/202/246 दिनांकः—19.04.2025 द्वारा आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः—टंग नरवाणा 02/2025—26 दिनांकः—21.04.2025 द्वारा सूचित किया गया कि भविष्य में औपचारिकताओं को पूर्ण करने उपरान्त ही सामान क्रय किया जायेगा। प्रत्युतर नियमानुकूल न होने व तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः इस पुनरावृति/दोहराई गई अनियमितता बारे तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए अंकेक्षणावधि में इस प्रकार कृत समस्त व्यय को सक्षम प्राधिकारी की कार्योतर स्वीकृति से नियमित करवाया जाये तथा भविष्य में बाजारीय प्रतिस्पर्धा का लाभ उठाते हुये नियमानुसार ही स्टॉक/स्टोर का क्रय किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

## 9.2 क्रय किये गये सामान राशि ₹0.12 लाख का स्टॉक रजिस्टर में स्टॉक प्राप्ति व खपत से सम्बन्धित लेखांकन न होनाः—

हि•प्र• पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 72(1) (ए.बी.सी.डी.) के अनुसार पंचायत द्वारा क्रय किये गए भंडार का उसकी स्थायी व अस्थायी प्रकृति के अनुरूप प्रारूप 25,26,27 व 28 में लेखांकन किया जाना अपेक्षित है।

ग्राम पंचायत टंग नरवाणा के अवधि 01.04.2024 से 31.03.2025 तक के दौरान की गई खरीद के वाउचरो के नमूना अंकेक्षण में पाया गया कि पंचायत द्वारा प्रस्तुत **परिशिष्ट—"8"** पर संकलित राशि ₹12400/— के स्टॉक को क्रय उपरान्त स्टॉक रजिस्टरों में दर्ज नहीं किया गया था, जिससे क्रय हेतु कृत व्यय का पूर्ण अंकेक्षण सम्भव न हो सका। फलस्वरूप स्टोर/स्टॉक के दुरूपयोग की सम्भावना से अंकेक्षण में इनकार नहीं किया जा सकता।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकःराज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2025/247 दिनांकः—19.04.2025 द्वारा आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः— टंग नरवाणा 02/2025—2026 दिनांकः—21.04.2025 द्वारा अवगत करवाया गया कि सामग्री का स्टाक रजिस्टर में इन्द्राज कर लिया जायेगा। प्रस्तुत उतर तथ्यरहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः क्रय किये गये प्रत्येक सामान का पारदर्शी एवं उचित इन्द्राज किया जाना सुनिश्चित किया जाए व भविष्य में इस प्रकार की अनियमितता की पुनरावृति को रोका जाये तथा कृत सुधारात्मक कार्यवाही से अंकेक्षण को शीघ्रातिशीघ्र अवगत करवाया जाये।

## 9.3 खनन सामग्री बिलों के साथ वैध ट्रांजिट पास फॉर्म "X" या "W" की प्राप्ति सुनिश्चित न करने के कारण राशि ₹0.53 लाख का अनियमित भुगतान करने बारेः–

हिमाचल प्रदेश माइनर मिनरल नियम 2015 के नियम 81 व 81–ए के अनुसार किसी व्यक्ति द्वारा खनन सामग्री की आपूर्ति करने पर अधिकृत माइनिंग लीज होल्डर द्वारा जारी व माइनिंग अधिकारी या अन्य प्राधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित ट्रांजिट पास फॉर्म डब्ल्यू या सप्लीमेंटरी पास फॉर्म X उपलब्ध करवाना अनिवार्य है। अन्यथा उक्त नियम की द्वितीय अनुसूची के अनुसार निर्धारित दरो से रॉयल्टी का भुगतान 25 प्रतिशत पेनल्टी के साथ करना होगा,परन्तु निदेशक ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग शिमला के पत्र संख्या XEN-(RD&PR)-DB-General/2023-1/204192/2023-34307-30 दिनाँक 02.11.2023 के अंतर्गत पुनः दिये गये निर्देशानुसार संविदाकारों/आपूर्तिकर्ताओं से माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों के दृष्टिगत अब रॉयल्टी नहीं काटी जा सकती तथा इन्हे भुगतान केवल वैध ट्रांजिट पास फॉर्म "X" या "W" जमा/उपलब्ध करवाने उपरान्त ही किया जाना अपेक्षित है।

अंकेक्षण अवधि के चयनित मास के व्यय वाउचरों के अंकेक्षण व सचिव द्वारा प्रस्तुत **परिशिष्ट "7"** पर संलग्न सूचना के अनुसार निर्माण कार्यो के निष्पादन हेतु आपूर्तिकर्ताओं से खनन सामग्री जैसे रेत,बजरी,पत्थर इत्यादि वैध स्त्रोत से आपूर्ति के समर्थन में उक्त ट्रांजिट पास फॉर्म अंकेक्षण में प्रस्तुत नही किए गए। परिणामस्वरूप आपूर्तिकर्ता को ₹52700/– का अनियमित भुगतान किया गया तथा पूर्वोक्त नियम ,प्रावधानों एवं समय –समय पर जारी आदेशों व निर्देशों की स्पष्ट अवहेलना के दृष्टिगत अंकेक्षण अवधि में किये गए समस्त भुगतान अनियमित प्रतीत होते है।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकःराज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/249 दिनांकः–21.04.2025 द्वारा आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः– टंग नरवाणा 02/2025–2026 दिनांकः–21.04.2025 द्वारा सूचित किया गया कि उक्त व्यय वैध ट्रांजिट पास फॉर्म "X" या "W" प्राप्त किये बिना ही किया गया है व अनभिज्ञता में किया गया है। वर्तमान समय से उक्त फॉर्म को प्राप्त करने उपरान्त ही भुगतान किया जा रहा है ,प्रस्तुत उत्तर अंकेक्षणापति के अनुकूल न होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया, क्योंकि उपरोक्त पत्र में वर्णित निर्देशानुसार समस्त भुगतान वैध ट्रांजिट पास फॉर्म "X" या "W" प्राप्ति उपरान्त किये जाने थे।

अतः अंकेक्षण अवधि के दौरान खनन निर्माण सामग्री के आपूर्तिकर्ताओं को नियमों के विरूद्ध एवं समय–2 पर जारी निर्देशों के विरूद्ध किये गये समस्त अनियमित भुगतानों को (उनके पूर्ण विवरण सहित) या तो समर्थित अपेक्षित अभिलेख सहित पूर्ण न्यायोचित ठहराया जाये अथवा

ऐसे सभी प्रकरणों को संबंधित जिला खनन अधिकारी के समक्ष उठाते हुए तदानुसार कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

## 10 निर्माण कार्यो के सन्दर्भ में राशि ₹2.39/– लाख के अपेक्षित अभिलेख अंकेक्षणार्थ प्रस्तुत न करने बारे:–

हि॰प्र॰ पंचायती राज (वित, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भते) नियम 2002 के नियम 79(2) के अनुसार पंचायत सचिव द्वारा अपेक्षित अभिलेख अंकेक्षणार्थ प्रस्तुत किया जाना अपेक्षित है।

अंकेक्षण अवधि के चयनित मास 09/2024 के व्यय वाउचरो के अंकेक्षण पर पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा निम्न तालिका के अनुसार राशि **₹2,39,186/–**का भुगतान किया गया था, परन्तु निम्न निर्माण कार्यो के सन्दर्भ में अंकेक्षण हेतु वांछित अभिलेख अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं कियें गए, जिसके अभाव मे किये गये व्यय का पूर्ण अंकेक्षण संभव न हो सका:–

| **क्र0सं0 व अनुदान** | **वाउचर सं0/ दिनांक** | **बिल संख्या/ दिनांक** | **कार्य का नाम** | **भुगतान राशि (₹)** | **वांछित अभिलेख** |
|---|---|---|---|---|---|
